कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 30.03.2022

गर्ल्स कॉलेज में आत्म सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के आई.क्यू.ए.सी. और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आत्म सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा वर्तमान समय में छात्राओं को अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। मानसिक और शारीरिक दोनों ही स्वरूपों में सबल रहने की आवश्यकता है।

रासेयो अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि रासेयो की स्वयं सेविकाओं को प्रशिक्षित किया जायेगा और आगामी सत्र में विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं को इसकी ट्रेनिंग दी जावेगी। आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. अमिता सहगल ने कहा कि छात्राओं को शारीरिक रूप से मजबूती के लिए पोषक आहार तत्वों की बहुत आवश्यकता है। घर के खाद्य पदार्थों में ही पोषक तत्वों की समुचित मात्रा मिल जाती है।

छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण नम्रता बंजारे और अंशु धृतलहरे ने दिया। उक्त प्रशिक्षक मार्शल आर्ट में दक्ष हैं और छ.ग. राज्य के विभिन्न शास0 विद्यालय के विद्यार्थियों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दे रहे हैं। इस प्रशिक्षण में छात्राओं को अपपंच, मिडिल पंच, हाई पंच, बॉक्सिंग पंच के साथ ही विभिन्न दाँव–पेंच सिखाये गये।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं आभार डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े द्वारा किया गया।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)